हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 1 जनवरी 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 10 डिग्री

4 मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मरच्यूरी में जनवरी से अब तक 828 मृतकों का पीएम



## खबर संक्षेप

### 27 हाथियों का दल लौटा उदारी जंगल

**अम्बिकापुर।** वन अमले की कड़ी मशक्कत के बाद 27 सदस्यीय हाथियों के वापस उदारी जंगल लौटने पर वन अधिकारियों ने राहत की सांसे ली है। हाथियों को सुरक्षित आगे ले जाने के दौरान वन अमले को जगह-जगह ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों द्वारा हाथियों का रास्ता बाधित करने से आक्रोशित हाथी ग्राम बासा में घुस गए तथा 3 घरों में तोड़-फोड़ की। एक दिन पूर्व चेंद्रा जंगल पहुंचे 27 सदस्यीय हाथियों के शहर की ओर पहुंचने की संभावना पर शुक्रवार को वन विभाग ने हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर पहुंचाने का अभियान चलाया। अभियान में कोई समस्या न हो इसलिए अम्बिकापुर एएवं धौरपुर रेंज के कर्मचारियों को तैनात करने के साथ ही पुलिस बल की मदद ली गई थी। अंधेरा होने पर हाथियों का दल जंगल से बाहर निकला तो वन अमले ने गजराज वाहन की मदद से प्रतापपुर जंगल की ओर अग्रसर करने की तैयारी में थे लेकिन हाथियों का दल गजाडांड़ जंगल की ओर बढ़ गया। कड़ी मशक्कत के बाद हाथी गजाडांड़ के रास्ते रात्रि 2 बजे ग्राम बांसा पहुंचे एवं गन्ना की फसल खाकर अपनी भूख मिटाई।

### विक्षोभ के प्रभाव से फिर बदलने लगा मौसम

**अम्बिकापुर।** मौसम में आए बदलाव के कारण ठंड कम हो गई है। मौसम अधिकारी नए साल में पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में तेज बदलाव आने के साथ ही बूंदाबादी होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद पिछले पांच दिनों से आसमान साफ है लेकिन लगातार उत्तर पूर्व की हवाएं चलने के कारण ठंड से राहत है। उत्तर की हवाओं के प्रभाव से शाम ढलने पर कनकनी बढ़ जा रही है लेकिन दिन में तेज धूप निकलने के कारण गर्म कपड़ों की जरूरत नहीं पड़ रही है। उत्तर भारत में घने कोहरे की पट्टी एवं पछुआ विक्षोभ के अग्रसर होने के कारण नए साल में एक बार फिर मौसम में तेज बदलाव आने एवं बूंदाबादी होने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही शुरू हो गई है। भविष्य में निम्न स्तर के बादलों का घनत्व बढ़ने एवं 2-3 दिन बाद बूंदाबादी होने की संभावना है। मौसम अधिकारी विक्षोभ के प्रभाव से रात के तापमान में 1-2 डिग्री की वृद्धि होने एवं दिन के तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### अब नहीं छिलेंगे खिलाड़ियों के घुटने

**अम्बिकापुर।** आखिरकार वर्षों के इंतजार के बाद अंततः बास्केटबॉल ग्राउंड में सिंथेटिक कोर्ट के निर्माण का कार्य नगर निगम ने शुरू कर दिया है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन किए जाने के बाद हरकत में आए नगर निगम द्वारा आज से बास्केटबॉल ग्राउंड में सिंथेटिक कोर्ट के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। लगभग 16 लाख रुपए की लागत से कोर्ट को 8 लेयर में सिंथेटिक बनाया जाएगा। सिंथेटिक कोर्ट बनने से खिलाड़ियों को गिरने पर घुटने छिलने, चोट लगने के साथ ही जूते घिसने की समस्या से निजात मिल सकेगी। बता दें कि गांधी स्टेडियम ग्राउंड में बास्केटबॉल खिलाड़ियों के लिए वर्ष 2013 में सीमेंटेड बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण कराया गया था और वर्षों तक उपयोग के बाद इस कोर्ट में जगह जगह दरारें आ गई थी। पुराना व सीमेंटेड कोर्ट होने के कारण अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस बास्केटबॉल कोर्ट में अभ्यास कर खिलाड़ियों ने शहर को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई इसके साथ ही अनेकों मेडल हासिल किए लेकिन जर्जर हो चुके कोर्ट में अब अभ्यास के दौरान बच्चे गिरकर घायल हो रहे थे। कोर्ट में गिरने पर बच्चों के घुटने छिल जाते थे और उनके जूते जल्दी घिस रहे थे।

## बीते वर्ष की विदाई और मध्यरात्रि नए वर्ष को किया सेलीब्रेट

# सपरिवार वनभोज, पिकनिक स्पॉट पर चहल-पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

वर्ष 2023 के अंतिम दिन को विदाई देने जिले के विभिन्न पिकनिक स्पॉट समेत देवी दर्शन व पौराणिक स्थल गुलजार रहे। इसी के साथ ही वर्ष 2024 के स्वागत के लिए युवा सहित अन्य वर्गो में काफी उत्साह देखा गया। अविभाजित कोरिया जिले के विभिन्न स्थानों में हरी-भरी वादियों, पुरातात्विक अवशेषों और बारहमासी जलप्रपात मौजूद है, जहां लोग विशेष अवसरों पर पिकनिक मनाने जाते हैं।

मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत हसदो नदी पर अमृतधारा जलप्रपात को देखने प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। हरी-भरी वादियों के बीच नैसर्गिक संपदाओं के लुभावने दृश्य समेटे हुए ये जल धाराएं कल-कल करती मधुर स्वर लहरी ध्वनि तन-मन को अपनी फुहारों से भिगा देती है। छग में अमृतधारा जलप्रपात अनुपम प्राकृतिक स्थल है, जो प्रदेश में पर्यटन स्थली के रुप में विकसित हो अपनी सौंदर्य से आत्म-मुग्ध कर अनूठा पहचान बनाने के लिए अग्रसर है।



सपरिवार पिकनिक स्पॉट पहुंचे लोग।



बोटिंग का आनंद उठाते लोग।

### झूमका बांध में रही भीड़

वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर को जिला मुयालय स्थित झुमका बांध में पर्यटकों की भीड़ रही। बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ यहां घूमने पहुंचे। वहीं झुमका बांध में लगाए गए झूलों की और छोटे बच्चों का विशेष आकर्षण रहा। नए साल को लेकर यहां झुमका बोट क्लब और जिला प्रशासन के द्वारा कई तैयारियां की गई थी। वहीं झुमका बांध में पहुंचे लोग वोटिंग करते दिखे। ज्ञात हो कि यहां दूर-दूर से पर्यटक पहुंच रहे हैं। छोटे बच्चों के लिए प्ले पार्क, लोगों के लिए बोटिंग सुविधा के साथ ही बेहद सुंदर जलाशय के नजारे के कारण यह लोगों को लुभा रहा है। जिला प्रशासन ने भी इसे बेहद खूबसूरती के साथ विकसित किया है। बेहद बड़ी मछली के आकार का एक्वेरियम यहां बनाया गया है। वहीं छोटे बच्चों के लिए यहां मिकी माउस सहित अन्य झूले भी बच्चों को आकर्षित करते हैं।

### सोनहत में कई पौराणिक स्थल

सोनहत विकासखंड के ग्राम दसेर, रामगढ़ एवं छिंगुरा से पलारीडांड़ के बीच बड़ी-बड़ी गुफाएं मौजूद है। ये गुफाएं काफी प्राचीन है और लंबी होने के साथ -साथ गहरी भी है। इन गुफाओं में भी लोगों के आने का दौर प्रारंभ रहा।

### नए वर्ष के प्रथम दिन रहेगी भीड़

जिले के विभिन्न पिकनिक स्पाटों में वैसे तो पिकनिक मनाने का दौर प्रारंभ हो गया है, लेकिन वर्ष के अंत में आज और नए वर्ष के आगमन याने 1 जनवरी 2024 को विभिन्न पिकनिक स्थानों पर लोगों की जमकर भीड़ उमड़ेगी। लोग दूर-दराज से इन वादियों का आनंद लेंगे। जानकारी के मुताबिक इन जगहों पर प्रत्येक वर्ष लोग दूर -दराज से आते हैं। वहीं नए वर्ष को लेकर युवा वर्ग समेत अन्य लोगों में काफी उत्साह है। लोग तरह-तरह के अपने नात रिस्तेदारों व दोस्तों को मैसेज भेज रहे हैं और नए वर्ष मंगलमय की कामना कर रहे हैं।

## नववर्ष में केक की रही डिमांड

- रेड वेलवेट और चॉकलेट केक की बिक्री अधिक

नववर्ष 2024 के स्वागत को लेकर जिले के केक बाजार में उछाल देखा जा रहा है। बेकर्स को केक के लिए काफी ऑर्डर मिले। मार्केट में ऐगलैस केक की जबरजस्त डिमांड है, इसके अलावा ग्राहक अपनी-अपनी मनपसंद की डिजाइन के केक ऑर्डर कर रहे हैं। वहीं कई होटलों और रेस्टोरेंट के साथ ही सड़क किनारे स्टॉल लगाकर भी व्यापारी आकर्षक केक की बिक्री कर रहे हैं। नववर्ष के स्वागत के लिए शहर के होटल, क्लब और बाजार पूरी तरह से सज गए हैं। युवा नववर्ष 2024 का जश्न मनाने के लिए नाच-गाने के साथ घरों के




बाहर पार्टी मनाकर केक काटकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं। यही वजह है कि बाजार में इन दिनों केक की भारी डिमांड है। शहर के रेस्टोरेंट के संचालक ने बताया कि इस बार साल 2024 में उन्हें उम्मीद है कि केक की बिक्री जमकर होगी। यही वजह है कि उन्होंने न्यू ईयर से पहले ही अपनी तैयारी कर ली है। उनके यहां पर पाइनेप्पल केक, चॉकलेट केक, फूरट केक, बटर स्कॉच केक, प्लम केक ,ऐग वाला और ऐग लैस दोनों तरह के हैं। इन सभी केक के अलावा रेड वेलवेट और चॉकलेट केक की डिमांड अधिक आ रही है। शहर की दुकानों में 300 रुपए से केक की शुरूआत है और उसके बाद ग्राहकों की डिमांड के अनुसार केक की वैरायटी और रेंज हैं। उन्होंने बताया कि न्यू ईयर से पहले ही केक के ऑर्डर भी उन्हें मिलने शुरू हो गए हैं।

## युवा अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें: लंगेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- नववर्ष की कलेक्टर ने दी जिलेवासियों को शुभकामनाएं



कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों सहित जिलेवासियों को नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सदैव सजग रहे। जिले के विकास के लिए सबको कड़ी मेहनत, लगन के साथ सहयोग करने की अपील भी की। कलेक्टर ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य निर्धारित करते हुए आगे बढ़ें, खूब मेहनत करें समाज व प्रदेश का नाम रोशन करें। कलेक्टर श्री लंगेह ने वाहन चालकों, खासकर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय शीट बेल्ट, हेलमेट जरूर लगाएं साथ ही सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं।

कलेक्टर ने आए दिन सड़क दुर्घटना की खबर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन अमूल्य है, ऐसे में तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से दुर्घटना की आशंका बनी होती है, जिसके कारण जन-धन की हानि होने से स्वयं व परिवार को नुकसान उठाना पड़ता है। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि जिले के लिए वर्ष 2023 कई कारणों से यादगार रहेगा।

उन्होंने कहा कि जिले के किसानों, ग्रामीणों, श्रमिकों, पत्रकारों, साहित्यकारों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं व सभी वर्गों के लिए नववर्ष 2024 बहुत खुशहाल हो, एक नए विचार और नए ऊर्जा के साथ सब प्रगति करें। कलेक्टर ने आशा व्यक्त की नववर्ष 2024 सबके लिए खास होगा और जिले में तीव्र गति से विकास होगा।

## कई वार्डों में नहीं पहुंच रहा एमएमयू वाहन



**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य योजना के तहत शहर में घूमने वाली मोबाइल मेडिकल यूनिट लंबे समय से शहर के अधिकांश वार्डो में नहीं पहुंच रही है। इन वार्डो में से वार्ड क्रमांक 1 शिवाजी वार्ड समेत अन्य वार्ड शामिल है। यहां के लोग बताते हैं कि पिछले लगभग 6 महीने से इन वार्डों में मोबाइल मेडिकल यूनिट नहीं पहुंची है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं वार्डवासी बताते हैं कि पहले मोबाइल मेडिकल यूनिट इस वार्ड में आती थी, जिससे वार्ड के बुजुर्ग बच्चों सहित कई महिलाओं को भी चिकित्सकीय परामर्श और निःशुल्क दवाइयां मिल जाती थी, लेकिन लंबे समय से मेडिकल यूनिट वहां के यहां नहीं पहुंचने के कारण लोग जिला अस्पताल जा रहे हैं। ज्ञात हो कि मोबाइल मेडिकल यूनिट में चिकित्सा के लिए एक डॉक्टर एक स्टाफ नर्स एक लैब टेक्नीशियन सहित फार्मासिस्ट व अन्य चिकित्सीय स्टाफ तैनात होते हैं। लोगों को लाभ मिलने के कारण लोग काफी संख्या में इसके पास पहुंचकर उपचार करते हैं। वहीं वार्डवासी अब इस सुविधा की मांग कर रहे हैं।

### बिना परिवहन चल रहा वाहन जब्त, लगी पेनाल्टी

**कोरबा।** जिला परिवहन विभाग ने नए बस स्टैंड में वाहनों के फिटनेस को लेकर अचानक चेकिंग अभियान शुरु की। इस दौरान एक गाड़ी को जब्त कर लिया, जबकि दस वाहनों पर पेनल्टी लगाई गई। बता दें हादसों पर लगाम लगाने वाहनों से जुड़ी खामियों को देखने और रखरखाव को लेकर परिवहन विभाग ने कार्रवाई करना शुरू कर दिया गया है। दरअसल, शहर के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बस स्टैंड में परिवहन विभाग की टीम ने अपनी उपस्थिति दर्ज करने के साथ उन वाहनों की तलाश की जो फिटनेस नियम का पालन नहीं कर रहे थे। वाहनों पर सामने और पीछे रेडियम पट्टी लगाने पर जोर दिया जा रहा है।

## साल के अंतिम दिन बहुरुपिया प्रतियोगिता ने बिखेरा रंग..











**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ में साल के आखिरी दिन रविवार को बहरूपिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में काफी संख्या में एकल व सामूहिक श्रेणी में कलाकारों ने भाग लिया। अपनी अद्भुत साज-सज्जा व अदाकारी से बहरूपियों ने लोगों का मनोरंजन किया। बहरूपिया प्रतियोगिता में विशेष रूप से सिकंदर भूत प्रेत और राक्षस का रूप धारण किए रहे। भगवान के वेशभूषा को धारण किए हुए थे। सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित इस बहरूपिया प्रतियोगिता को देखने के लिए काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। विदित हो कि मनेन्द्रगढ़ में आयोजित इस बहरूपिया कंपटीशन को 1990 में प्रगति मंच के बैनर तले आयोजित किया गया था। 2019 तक प्रगति मंच ही इस प्रतियोगिता का आयोजन करता रहा, लेकिन कोरोना के दौरान 2 वर्ष तक इस प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाया, वहीं 2022 में इस आयोजन को सांस्कृतिक मंच ने आगे बढ़ाया, इसके बाद 2023 में भी आयोजन को करने के लिए सांस्कृतिक मंच ने आयोजन शुरू किया

## क्रशर संचालक से मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, मौके से बरामद किया गया पिस्टल

**राजपुर।** क्रशर खदान संचालक से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने घटना स्थल से एक पिस्टल भी बरामद किया है। इस मामले में एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि नगर के अभय जायसवाल का डिगनगर में क्रशर खदान संचालित है। उक्त क्रशर खदान में राजेश अग्रवाल व अजय अग्रवाल ने अपने हाइवा वाहनों को स्टोन डस्ट लेने के लिए भेजा था। इस दौरान खदान में मुंशी के साथ दोनों का विवाद हो गया था। विवाद के बाद राजेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल व स्मित गुप्ता ने गांधी चौक स्थित अभय जायसवाल के घर पहुंच गए और उसके साथ जमकर मारपीट की। घटना की जानकारी लगने पर स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराने के साथ ही घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस द्वारा राजेश अग्रवाल व अजय अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि स्मित गुप्ता फरार हो गया। साथ ही पुलिस ने घटना स्थल से एक पिस्टल भी बरामद किया है। वहीं इस मामले में भाजयुमो प्रदेश महामंत्री अंकित जायसवाल ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर अजय अग्रवाल व राजेश अग्रवाल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि आरोपी आए दिन लोगों से मारपीट व विवाद करते है। थाना प्रभारी रमाकांत साहू ने बताया कि घटना की शिकायत के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

## नए वर्ष में शहरवासियों की टिकी हैं उम्मीदें, प्रतिदिन कुछ जगहों पर लगता है जाम

# सड़कों पर बढ़ता जा रहा वाहनों का दबाव, बिगड़ी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरुरत


हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

साल दर साल समय बीत रहा है, लेकिन कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में यातायात व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं आ रहा है।

इस तरह से जिला गठन के दौरान यातायात व्यवस्था चल रही थी, उसके कई वर्ष बीत जाने के बाद भी यातायात व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं हो पाया, जबकि इस बीच प्रतिवर्ष शहर की सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। यही कारण है कि शहर में आए दिन वाहन चालक जाम में फंसते रहते हैं, इसके कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में अव्यवस्थित यातायात के कारण प्रतिदिन कुछ जगहों पर जाम लगती है। वहीं प्रत्येक साप्ताहित बाजार रविवार एवं गुरूवार को शहर क्षेत्र के कुछ जगहों पर लोगों को कई बार जाम की स्थिति से गुजरना पड़ता है। इसी तरह का हाल विभिन्न त्यौहारों के अवसर पर बनती रहती है। आए दिन शहर के मुख्य जगहों पर जाम की स्थिति बनने से सड़क पर चलने वाले लोगों को ही नहीं बल्कि सड़क किनारे संचालित दुकानदारों को भी परेशानी होती है।

शहर के चिरमिरी चौक संकरा चौक है। इस जगह पर साप्ताहिक बाजार रविवार एवं गुरूवार को दिन में कई बार वाहन सड़क पर जाम होते हैं, इसके चलते चिरमिरी चौक से महलपारा रोड पर दूर तक कई बार वाहनों की लंबी लाइन बनती है। इस चौक पर जाम के चलते मुख्य मार्ग के दोनों ओर भी वाहनों की लाइन लगनी शुरू हो जाती है। इस चौक पर यातायात पुलिस कर्मी तो रहते हैं, बावजूद इसके यातायात प्रभावित होते रहता है। शहर में सबसे अधिक जाम की स्थिति चिरमिरी चौक पर ही लगती है। कुमार चौक के पास पर्याप्त जगह होने के कारण यहां पर जाम की स्थिति उतनी नहीं बनती।



**बसों एवं ऑटों की मनमानी-** शहर के मुख्य मार्ग पर दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। वाहनों का दबाव हमेशा ही बने रहता है। ऐसे में नगर पालिका कार्यालय के पास मुख्य मार्ग पर बस एवं ऑटो चालकों के द्वारा मनमानी तरीके से सड़क पर ही सवारी चढ़ाने के लिए अपनी वाहन को कुछ देर के लिए रोकते हैं। थोड़ी देर में ही जाम की स्थिति बनने लगती है, इसके अलावा कई अन्य गाड़ियां भी इस जगह मुख्य मार्ग किनारे कुछ देर के लिए खड़ी कर देते हैं, ऐसा होने से सड़क पर जाम होने लगता है। पुलिस को इस स्थल पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है, ताकि कोई भी नपा कार्यालय के पास मुख्य मार्ग के पास वाहन खड़ी न करें

### दुकान किनारे वाहन खड़ी करने में भी समस्या

शहर के बीच से गुजरे मुख्य मार्ग के दोनों किनारे विभिन्न तरह की दुकानें हैं, कई बार देखने में यह आता है कि कुछ लोग अपने वाहन सड़क किनारे ही पार्क कर दुकान में खरीदी करने चले जाते हैं, जिससे कि सड़क पर यातायात प्रभावित होने लगता है। कई बार तो नपा कार्यालय से फव्वारा चौक के बीच सड़क किनारे वाहन खड़ी कर खरीदी करने दुकान जाने से सड़क पर जाम की स्थिति बनने लगती है। यही हाल चिरमिरी चौक से सब्जी मंडी स्थल डबरीपारा तक की भी है। इन क्षेत्रों में नियमित रूप से पुलिस यातायात व्यवस्थित करने की दिशा में ध्यान नहीं देती, इसके कारण लोगों को परेशान होना पड़ता है।

31 Dec-Jash Bhoomi pg 2_Layout 1 12/31/2023 7:53 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दुनियाभर में बज रहा वोंका एक्वामैन 2 का डंका



**लॉस एंजेलिस।** एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम दुनियाभर में धमाल मचा रही है। रिलीज के बाद से ही यह फिल्म दूसरे देशों में छप्परफाड़ कमाई कर रही है। शुक्रवार तक के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 73 अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस बाजारों में 40.9 मिलियन की कमाई की है। ओवरसीज कलेक्शन की बात करें तो यह आंकडा कुल 70 मिलियन डॉलर के आसपास पहुंचता नजर आता है। वहीं, फिल्म के घरेलू और वैश्विक आंकड़े को अगर मिला दिया जाए तो यह फिल्म 100 मिलियन की कमाई के पार जाती नजर आ रही है। बता दें कि यूके में फिल्म ने गुरुवार (21 दिसंबर) को 1,1994 स्क्रीनों से सात लाख 12 हजार डॉलर के साथ शुरुआत की और वोंका के बाद यह फिल्म दूसरे स्थान पर रही है। यह संख्या लगभग द फ्लैश के बराबर है और मूल एक्वामैन से 33% कम है। यूके में इस फिल्म ने 16 लाख डॉलर की कमाई कर ली थी। जर्मनी में 589 स्क्रीनों पर फिल्म ने पांच लाख 20 हजार डॉलर की कमाई की और पहले स्थान पर रही। इस देश में यह आंकडा द फ्लैश के शुरुआती दिन के दोगुने से भी अधिक हैं। यह कमाई द मार्वल्स 81% और ब्लैक एडम 27% से ज्यादा और एंट-मैन एंड वास्प के बराबर है।

### टॉलीवुड

## ओटीटी पर धूम मचाने के लिए तैयार 'हाय पापा'



साउथ सुपरस्टार नानी और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की फिल्म 'हाय पापा' हाल ही में रिलीज हुई थी, जिसमें दोनों ने अपनी केमिस्ट्री से सभी को प्रभावित किया। तेलुगु में यह फिल्म 'हाय नन्ना' के नाम से रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और यह हिट रही। सिनेमाघरों पर कब्जा करने के बाद यह फिल्म घर बैठे दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सिनेमाघरों के बाद अब यह फिल्म ओटीटी पर भी धमाल मचाने आ रही है। आज शनिवार को नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर मृणाल ठाकुर और नानी की फिल्म 'हाय पापा' का पोस्टर साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'प्यार हवा में है और हमारा उत्साह भी है। नानी और मृणाल को खोजने के लिए उनकी प्यार की यात्रा 'हाय पापा' में शामिल हो जाइए। चार जनवरी से नेटफ्लिक्स पर तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में 'हाय पापा' की स्ट्रीमिंग होगी।' इस घोषणा ने फैंस को उत्साहित कर दिया। 'हाय पापा' एक भावुक परिवारिक फिल्म है, जिसकी कहानी एक पिता और बेटी के प्यार भरे रिश्ते के इर्द-गिर्द बुनी गई है। फिल्म में नानी ने पिता की भूमिका निभाई है। शौरयुव के निर्देशन में बनी 'हाय पापा' सात दिसंबर को सिनेमाघरों में तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषाओं में रिलीज हुई थी।

### भोजपुरी

## अवॉड्र्स के नाम पर मजाक बना दिया गया भोजपुरी सिनेमा



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा में पहली बार अवॉड्र्स का आयोजन साल 2005 में हुआ। अगर कोरोना महामारी से साल को छोड़ दे तो इस अवॉड्र्स का आयोजन हर साल होता है। इस बार 18वें भोजपुरी अवॉड्र्स का आयोजन अथर्वा कॉलेज, मलाड में हुआ, जिसमें भोजपुरी सिनेमा का कोई बड़ा सितारा नजारा नहीं आया। समारोह की खासियत यह रही है कि इसके आयोजक विनोद गुप्ता ने अपनी ही फिल्म 'आन बान शान' को छह मुख्य अवॉर्ड देकर आयोजकों, जूरी और भोजपुरी अवॉड्र्स का मजाक बना दिया। इन अवॉड्र्स के आयोजक विनोद गुप्ता खुद भी भोजपुरी निर्माता के रूप में सक्रिय हैं। उन्होंने अपनी ही फिल्म 'आन बान शान' को मुख्य कैटेगरी के छह अवॉड्र्स देकर न सिर्फ अपने आयोजन की, बल्कि भोजपुरी अवॉड्र्स की भी विश्वसनीयता खो दी। वैसे भी भोजपुरी सिनेमा में अब तक जितने भी अवॉड्र्स हुए हैं उनमें भी हिंदी सिनेमा के अवॉड्र्स की तरह यही बात नजर आई कि जो सितारे अवॉर्ड कार्यक्रम में शिरकत करने आते हैं, उनको ही अवॉर्ड दे दिया जाता है। शनिवार को आयोजित भोजपुरी अवॉर्ड कार्यक्रम में अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू उपस्थित रहे, उन्होंने अभिनेत्री काजल यादव के साथ मंच पर परफॉर्मेंस दी। इस अवॉर्ड शो मेजबानी भी भोजपुरी सिनेमा का कोई स्टार नहीं, बल्कि हिंदी सिनेमा के अभिनेता राजा गुरु ने की। बताया जाता है कि अवॉर्ड शो की मेजबानी के लिए जब कोई स्टार राजी नहीं हुआ तो आनन फानन में आयोजक ने एक दिन पहले राजा गुरु को अवॉर्ड शो की मेजबानी करने की जिम्मेदारी दी। राजा गुरु ने विनोद गुप्ता की फिल्म 'आन बान शान' से भोजपुरी सिनेमा में डेब्यू किया है। अवॉर्ड शो के दौरान कुणाल सिंह, रानी चटर्जी, संभावना सेठ, सुरेंद्र पाल, रंजन सिंह, अशोक पंडित और अली खान आदि मौजूद रहे।

मिलान फैशन वीक इटली के मिलान में अर्धवार्षिक रूप से आयोजित होने वाला एक बहुचर्चित फैशन शो है। प्रत्येक वर्ष फरवरी/मार्च और सितंबर/अक्टूबर में होने वाले इस शो के लिए दुनिया भर की फैशन इंडस्ट्री को इंतजार रहता है। साल 2023 की विदाई के साथ अब साल 2024 में फरवरी में शुरू होने वाले मिलान फैशन शो के लिए डिजाइनर और मॉडल को बेसब्री से इंतजार है। आगामी फैशन शो में दुनिया भर से फैशन प्रेमी यहां जुटेंगे।




## पार्टी के लिए ग्लोइंग त्वचा तो इन फेस पैक का करें इस्तेमाल



ग्लोइंग त्वचा के लिए बहुत से लोग घरेलू फेस पैक पर ज्यादा भरोसा करते हैं। इसी वजह से आपके लिए कुछ ऐसे पैक्स की जानकारी, जिनका इस्तेमाल आप बिना ज्यादा पैसे खर्च किए कर सकते हैं। हल्दी और दूध में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को ग्लोइंग बनाने का काम करते हैं। अगर आप इस पैक का इस्तेमाल करेंगे तो आपका चेहरा भी खिल उठेगा। इसके लिए एक कटोरी में दूध में थोड़ी सी हल्दी मिलाएं। इसे चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक रखें और फिर गुनगुने पानी से धो दें। सर्दी के मौसम में चेहरे की नमी बरकरार रखने के लिए शहद और दही का इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर आप इस पैक का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो एक कटोरे में दही और शहद मिलाकर फेसपैक तैयार करें। इसे चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक रखें और फिर ठंडे पानी से धो दें। चेहरे के दाग-धब्बे हटाने के लिए पपीते और शहद का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले पपीते को ब्लेंडर में पीसना है और उसमें थोड़ा सा शहद मिलाना है। अब इसे चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट तक सूखने दें, फिर मलाई से मसाज करें। आखिर में चेहरा गुनगुने पानी से धो लें। चावल और बेसन का पैक आपके चेहरे के डार्क सर्कल को कम करने का काम करता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सबसे पहले चावल का आटा लेकर उसमें थोड़ा सा बेसन मिलाना है।

## होंठों पर एलोवेरा जेल लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान



होंठों पर एलोवेरा जेल अप्लाई करते समय आपको बहुत सी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। जब आप एलोवेरा जेल को होंठों पर लगा रही हैं तो आपको उसकी क्वालिटी पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। आजकल मार्केट में एलोवेरा जेल मिलते हैं, लेकिन आप कोशिश करें कि वह आर्गेनिक हो और उसमें किसी तरह के केमिकल का इस्तेमाल ना किया गया हो। सबसे अच्छा ऑप्शन तो यह रहता है कि आप एलोवेरा का पत्ता तोड़कर उसका फ्रेश जेल निकालें और उसे अपने होंठों पर लगाएं। होंठ स्किन के अन्य एरिया की अपेक्षा अधिक सेंसेटिव होते हैं, इसलिए अगर आप एलोवेरा जेलको अपने होंठों पर लगा रही हैं तो एक बार आपको पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए। इससे आपको यह समझ में आता है कि एलोवेरा जेल से आपके लिप्स पर किसी तरह का कोई रिएक्शन नहीं हो रहा है। अगर आपको एलर्जिक रिएक्शन होता है तो आपको इसे लिप्स पर अप्लाई करने से बचना चाहिए। एलोवेरा जेल को कभी भी सीधे ही होंठों पर ना लगाएं।

## साल की आखिरी पार्टी में ऐसी ड्रेस पहनकर मचाएं धमाल




यह साल खत्म हो रहा है और लोग नए साल के स्वागत में लगे हैं। नए साल के स्वागत से पहले कई जगह 31 दिसंबर को पार्टी का आयोजन किया जाता है। लोग अपने दोस्तों और घरवालों के साथ धूमधाम से नए साल का स्वागत करते हैं।

जिस तरह से नए साल के पहले दिन पार्टी के लिए लोग खूब सज-धज के तैयार होते हैं, ठीक उसी तरह से 31 दिसंबर की रात की पार्टी भी काफी अहम होती है। पार्टी का प्लान बनाना तो आसान होता है लेकिन जब बात आती है पार्टी के लिए कपड़ों का चयन करने की तो सबसे ज्यादा दुविधा इसी में होती है।

ऐसे में आज का लेख उन लड़कियों के लिए काफी अहम है, जो पार्टी के लिए उत्साहित तो काफी हैं, लेकिन पार्टी में क्या पहनना है, उन्होंने अभी तक ये चुनाव नहीं किया है। हम आपको आज कुछ ट्रेंडी ड्रेस दिखाएंगे, जिससे टिप्स लेकर आप भी शॉपिंग कर सकती हैं।



**रेड बॉडीकॉन :** इस तरह की ड्रेस काफी आरामदायक भी होती है। ऐसे में आप आसानी से इसे कैरी कर सकती हैं। पार्टी में अगर आप इस तरह की ड्रेस कैरी करके जाएंगी, तो आपका लुक ग्लैमरस के साथ काफी खूबसूरत भी लगेगा।

**ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन :** अगर आपको बॉडीकॉन ड्रेस बेहद पसंद है तो इस तरह की सफेद रंग की ड्रेस आप कैरी कर सकती हैं। अगर ये ऑफ शोल्डर होगी तो आपका लुक और भी ज्यादा ग्मैरमस दिखेगा।

**फ्लोरल ड्रेस :** अगर आप किसी बीच पार्टी में जा रही हैं, तो ये ड्रेस आपके लिए एक परफेक्ट विकल्प है। इसके साथ आप डार्क आई मेकअप करके अपने लुक को खूबसूरत बना सकती हैं।

**सीक्विन वर्क वाली रेड ड्रेस :** इस तरह की शॉर्ट रेड ड्रेस आपके लुक को खूबसूरत बनाएगी। इसके साथ अगर आप लाल रंग का ही ब्लेजर पहनेंगी तो आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे। इससे आप बॉस लेडी लुक में नजर आएंगी।

**व्हाइट गाउन :** पार्टी में खूबसूरत दिखने के लिए आप ऐसा सफेद रंग का गाउन खरीद सकती हैं। इसके साथ गले में एक पैंडेंट जरूर पहनें। ड्रेस का रंग काफी हल्का है, इस वजह से इसके साथ मेकअप थोड़ा डार्क ही रखें।

**रेड स्लिट ड्रेस :** अगर आप पार्टी में ग्लैमरस अंदाज दिखना चाहती हैं, तो इस तरह की लाल रंग की स्लिट वाली ड्रेस आपके लिए परफेक्ट विकल्प है। इस तरह की ड्रेस से साथ बालों को कर्ल करेंगी तो लुक काफी खूबसूरत लगेगा।

## फैशन की इन बातों को लेकर लड़के कभी भी न शर्माएं



वैसे तो कहा जाता है कि लड़कियां शर्माती हैं, मगर फैशन-स्टाइल के मामले में लड़के भी कम नहीं हैं। यह सच है कि लड़कों को कुछ बातों को लेकर झिझक और शर्म आती है। इस वजह से वह अपना आत्मविश्वास खोते हैं। जबकि हमें उन बातों को लेकर शर्म करने की आवश्यकता नहीं है।इस तरह की चीजों का सामना अधिकतर लड़के या पुरुष करते हैं। उनको फैशन-स्टाइल की कुछ बातों को लेकर शर्म महसूस होती है।वहीं जो लोग इससे आगे निकल जाते हैं उनको किसी तरह की दिक्कत नहीं होती। इसलिए हम चाहते हैं कि आप भी उन बातों को छोड़कर आगे निकलें। चलिए हम उन बातों को जान लेते हैं। आखिर हमें फैशन की किन बातों को लेकर शर्माना नहीं चाहिए-

**पुराने कपड़े पहनने में :** पुराने कपड़े पहनने को लेकर कई लड़के शर्म करते हैं। जबकि इसमें शर्माने वाली कोई बात नहीं है। अगर आप हर माह या हर सीजन के लिए नए ड्रेस खरीदने में सक्षम हैं तो कोई बात नहीं। मगर ये हर किसी के लिए संभव नहीं है।

इसलिए अगर आपके पास पुराने ड्रेस हैं तो पहनने में शर्माए नहीं। कई बार जैसे कपड़े धुले न हो, आयरन किए न हों, सूख न पाए हों तो ऐसे में पुराने कपड़े को पहनकर हम बाहर निकलने से हिचकिचाते हैं। जबकि, उनको पहनने में शर्म महसूस करने की जरूरत नहीं।

हम तो ये कहेंगे कि आप उन कपड़ों को भी अच्छी तरह कैरी कर के जाएं। आपके आत्मविश्वास के आगे लोगों की नजर कपड़े पर अधिक देर तक टिक नहीं पाएगी।

## पार्टनर के साथ डेट पर जाने के लिए बेस्ट रहेंगी ये साड़ियां



साड़ी को पहनने के लिए आपको इसकी स्टाइलिंग को अपनी बॉडी शेप के अनुसार ही करना चाहिए। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करें। साड़ी का चलन एवरग्रीन फैशन में रहता है। इसके कई डिजाइंस आपको मार्केट में देखने को नजर आ जाएंगे। वहीं बदलते दौर में साड़ी को ड्रेप करने के कई तरीके होते हैं। लगभग हर मौके पर साड़ी को पहना जाता है और इसके डिजाइन को भी हम ओकेजन के हिसाब से चुना जाता है। पार्टनर के साथ डेट नाइट पर जाने के लिए वैसे तो कई आउटफिट्स आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप स्टाइलिश के साथ-साथ ट्रेडिशनल लुक को कैरी करना चाहती हैं तो आज हम आपको दिखाने वाले हैं साड़ी के कुछ लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ खास टिप्स।

**ब्लैक एंड व्हाइट साड़ी :** आजकल ब्लॉक डिजाइन और ब्लैक एंड व्हाइट पैटर्न काफी पसंद किया जाता है। **Abraham & Thakore** द्वारा इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइन किया गया है। इस तरीके की सीक्वेन साड़ी आपको मार्केट में लगभग 1200 से लेकर 1500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी।

**रेडीमेड साड़ी डिजाइन :** रेड कलर अपने आप में ही काफी खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। वहीं इस खूबसूरत रेडीमेड साड़ी को डिजाइनर अमित अग्रवाल द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी।

**स्ट्रिप्स डिजाइन साड़ी :** देखने में काफी मॉडर्न लुक देने में सहायता करता है यह डिजाइन। वहीं इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी।

### कार्नर न्यूज

### दुल्हन के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद खास होता है

## दुल्हन के हाथों की शोभा बढ़ाएंगे कंगन के ये खास डिजाइंस

हाथों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए आप इन्हें चूड़ियों के साथ पहन सकती हैं। इसे दुल्हन चूड़े के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं। शादी का दिन हर लड़की के लिए बेहद खास होता है और इस दिन के लिए दुल्हन अपने लुक से जुड़ी हर छोटी-बड़ी चीज का खास ख्याल रखती हैं। वहीं लुक की बात करें तो दुल्हन के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद खास होता है और इसके लिए सबसे पहले आउटफिट के डिजाइन को समझना जरूरी होता है। वैसे तो हम कंगन को हाथों पर बिना चूड़ी के भी पहन लेते हैं, लेकीन दुल्हन को इसे चूड़ा या चूड़ियों के साथ पहनना पसंद करती हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं कंगन के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### कुंदन डिजाइन कंगन

परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक को कैरी करना चाहती हैं तो इस तरीके के चौड़े डिजाइन के कंगन खरीद सकती हैं। वहीं इस तरीके के डिजाइन वाले ब्राइडल कंगन आपको मार्केट में लगभग 200 रुपये से लेकर 400 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे। मॉडर्न और फैंसी लुक पाना चाहती हैं तो अनकट डायमंड के कंगन खरीदकर पहन सकती हैं। इस तरह के कंगन देखने में काफी एक्सपेंसिव लुक देने में मदद करते हैं। इस तरह के कंगन आपको आर्टिफिशियल डिजाइन में लगभग 700 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।



### मीनाकारी डिजाइन कंगन

बारीकी से बने डिजाइन के कंगन को पहनना चाहती हैं तो इस तरह के मीनाकारी डिजाइन के कंगन आपके लिए बेस्ट रहेंगे। वहीं इस तरीके के हैवी लुक वाले कंगन आपको काफी रॉयल लुक देने में सहायता करेंगे। इस तरीके के कंगन आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।



### पर्ल डिजाइन कंगन

एवरग्रीन फैशन में चलने वाली चीजों को स्टाइल करना पसंद करती हैं तो इस तरीके का पर्ल डिजाइन आपके लिय बेस्ट रहेगा। इस तरह के कंगन आप दिन के वेडिंग लुक यानी सटल ब्राइडल वियर में कैरी कर सकती हैं।



31 Dec-Jash Bhoomi pg 3_Layout 1 12/31/2023 7:55 PM Page 1





# आमिर खान को लगा मराठी सीखने का चस्का

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के लिए पिछली कुछ फिल्में खास नहीं रहीं। साल 2018 में आई फिल्म ठग्स ऑफ हिस्दुस्तान के बाद उन्होंने एक भी हिट प्रोजेक्ट नहीं दिया है। प्रोफेशनल लाइफ से इतर पर्सनल लाइफ को लेकर भी आमिर खान चर्चा में रहे हैं। हालांकि साल 2024 की शुरुआत उनके लिए काफी खूबसूरत होगी। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट की बेटी आइरा खान अपने बॉयफ्रेंड नुपूर शिखरे के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। लेकिन उससे पहले आमिर खान को कुछ नए शौक लगे हैं जिन्हें लेकर वो खबरों में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बेटी की शादी से पहले आमिर को मराठी सीखने का शौक लग गया है।

## लाइफ Style



# अनन्या

## खो गए हम कहां नंबर 1 पर कर रही ट्रेंड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अर्जुन वरैन सिंह निर्देशित खो गए हम कहां 26 दिसंबर 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी सोशल मीडिया की सच्चाई से रूबरू कराती है, जिससे आज लगभग हर इंसान जूझ रहा है।

खो गए हम कहां को क्रिटिक्स से तारीफें मिली और दर्शक भी इसे काफी पसंद कर रहे हैं। अनन्या, सिद्धांत और आदर्श की परफॉर्मेंस को भी काफी पसंद किया गया है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होते ही फिल्म ओटीटी पर ट्रेंड कर रही है। जवान, मिशन रानीगंज और टॉप गन समेत कई फिल्मों को छोड़ खो गए हम कहां नेटफ्लिक्स पर नंबर वन पोजिशन पर ट्रेंड कर रही है। अर्जुन कपूर ने खो गए हम कहां का रिव्यू किया और इसे 'मस्ट वॉच' फिल्म बताई।

अर्जुन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म को लेकर अपना ओपिनियन शेयर करते हुए कहा, वाकई नाम सूट करता है। खो गए हम कहां एक इमोशनल फिल्म है। देखने का अनुभव है। मेच्योर लेखन ने कम लेकिन पावरफुल परफॉर्मेंस का समर्थन किया है। हम किस दुनिया में जीते हैं और किन चीजों से डील करते हैं, उसे बड़ी जटिलता से डायरेक्ट किया गया है। अर्जुन कपूर ने आगे कहा, प्लॉट को जिस तरह से दिखाया गया है, वो खूबसूरत है और आप इससे वाकई रिलेट करते हैं। यह बिल्कुल देखी जानी चाहिए। अनन्य पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव ने जो कैमरा डायरी शेयर की है, वो फिल्म की जान है। जो दोस्ती आपने महसूस की है, वो हम में से एक है।

## हॉलीवुड मसाला



# क्रिसमस मनाकर किया सुसाइड

**लॉस एंजिलिस।** पॉपुलर हॉन्ग कॉन्ग एक्ट्रेस लाई सुक यिन ने 26 दिसंबर को सुसाइड कर लिया। एक्ट्रेस 47 साल की थीं। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस अपने बेटे के पास अनकॉन्शियस हालत में पाई गईं। मंगलवार दोपहर की यह घटना है। कहा जा रहा है कि लाई सुक यिन ने घर पर कोएले जलाए थे। जिसके बाद उन्होंने सुसाइड करने की कोशिश की। एक्ट्रेस को आनन-फानन में जब अस्पताल लेकर जाया गया तो उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।




# प्रियंका के दूर रहने पर निक ऐसे रखते हैं बेटी का ख्याल

**लॉस एंजिलिस।** निक जोनास जो अक्सर अपनी पत्नी और बॉलीवुड दिवा प्रियंका चोपड़ा के प्रति अपने दिल छू लेने वाले इशारों से प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं, न केवल सपनों के पति हैं बल्कि एक अच्छे पिता भी हैं। नवीनतम बातचीत में, प्रियंका चोपड़ा की माँ मधु चोपड़ा ने खुलासा किया कि कैसे वह अपने दामाद से विस्मय में हैं, यह देखकर कि जब उनकी माँ काम पर बाहर होती हैं तो वह अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनास की देखभाल कैसे करते हैं। अपनी तुलना में सबसे अच्छी मां होने के लिए अपनी बेटी प्रियंका की प्रशंसा करते हुए, मधु ने कहा, मैं देखती हूं कि प्रियंका और निक पेशेवर रूप से एक-दूसरे का बहुत अच्छे से समर्थन कर रहे हैं।



# सुजैन को एयरपोर्ट से लौटना पड़ा वापस

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान काफी समय से एक्टर अर्सलान गोनी को डेट कर रही हैं। दोनों पार्टीज से लेकर इवेंट तक में साथ देखे जाते हैं। न्यू ईयर से पहले कई सेलिब्रिटीज वेकेशन के लिए एयरपोर्ट पर दिखे। इन्हीं में एक कपल सुजैन और अर्सलान भी थे लेकिन उनके साथ ऐसा कुछ हुआ कि एयपोर्ट पर पोपट बन गए और उन्हें वापस लौटना पड़ा। पपराजी ने ये सब अपने कैमरे में कैद कर लिया। दरअसल सुजैन और अर्सलान छुट्टियां मनाने के लिए जाने वाले थे तो वे मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे। गेट के बाहर ही अर्सलान जब अपने डॉक्यूमेंट्स खोजने लगे तो पता चला कि पासपोर्ट लाना ही भूल गए। वह सुजैन को बताते हैं तो वह भी हैरान होती हैं। सिक्योरिटी चेक करने वाले अधिकारी से सुजैन अपना पासपोर्ट वापस लेती हैं और वहां से दोनों लौट जाते हैं।



# रणबीर व राजकुमार की बनेगी जोड़ी...

**मुंबई।** फिल्म 'एनिमल' में रणविजय के किरदार से सुपरस्टार रणबीर कपूर हर किसी के दिलों-दिमाग पर छाए हुए हैं। एनिमल की सुपर सक्सेस के बाद हर कोई रणबीर की अगली फिल्म का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहा है। इस बीच 'डंकी' फिल्म डायरेक्टर राजकुमार हिरानी ने अपनी फिल्म 'संजू' के एक्टर रणबीर कपूर के साथ एक और मूवी बनाने को लेकर बड़ा अपडेट दिया है, जिसे जानकार फैंस काफी एक्साइटेड हो जाएंगे। फिल्म 'डंकी' को लेकर राजकुमार हिरानी इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं। अपनी इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान हाल ही में राजकुमार ने इंटरव्यू दिया है। इस दौरान उनसे भविष्य में संजू फिल्म स्टार रणबीर कपूर के साथ फिल्म करने को लेकर सवाल पूछा गया।

## टीवी मसाला



# 1 करोड़ के सवाल का जवाब देने से चूका कंटेस्टेंट...

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति एक ऐसा शो है, जिसका हर सीजन दर्शकों का फेवरेट रहा। केबीसी का सीजन 15 भी काफी हिट रहा है। शो में एक बार फिर से अमिताभ बच्चन ने अपनी शानदार मौजूदगी से पूरे सीजन को यादगार बना दिया। इस वक्त कौन बनेगा करोड़पति का फिनाले वीक चल रहा है। इस आखिरी सप्ताह में बिग बी काफी इमोशनल भी हुए। फैंस भी दुखी नजर आ रहे हैं। ऐसे में बीता एपिसोड काफी दिलचस्प रहा। केबीसी के आखिरी हफ्ते में बिहार के अविनाश भारती अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे नजर आए। अविनाश का खेल बेहद ही शानदार रहा, लेकिन वह एक करोड़ का जवाब देने से चूक गए। आइए जानते हैं क्या था वो सवाल? अमिताभ बच्चन ने शो के दौरान बताया कि ये केबीसी के इतिहास का ऐसा पहला एपिसोड है, जिसमें पहले ही दिन कंटेस्टेंट एक करोड़ के सवाल तक पहुंचा। अविनाश ने खेल के दौरान अपनी सारी लाइफलाइन का इस्तेमाल करके 50 लाख रुपये जीते। इसके बाद अविनाश के सामने 1 करोड़ का सवाल आया, जिसका जवाब देने में उनके भी पसीने छूट गए, क्योंकि उनके पास अब कोई भी लाइफलाइन नहीं बची है। इसी वजह से उन्होंने गेम को 50 लाख के सवाल के साथ क्विट कर दिया।

## यशराज के प्लान में रोड़ा बनेगा शख्स



**मुंबई।** तेरी मेरी डोरियां के 30 दिसंबर के एपिसोड में देख सकेंगे कि बरार फैमिली का घर चला गया है और अभी वो जसलीन के लिए अस्पताल में हैं। इस बीच साहिबा के माता-पिता वहां आ जाते हैं। कीरत ने उन्हें सब बता दिया था। वो लोग सभी के लिए खाना लेकर आते हैं जिसे वो मिलकर खाते हैं। थोड़ी देर बाद साहिबा सीढ़ियों से जाती है तभी एक शख्स उसका मुंह बंद करके एक कमरे में ले जाता है। कमरे में अंधेरा होता है और जहां वह देखती है वहां पर गैरी पहले से मौजूद है। वह उसे खुद से दूर हटाती है लेकिन फिर गैरी कहता है कि वह यशराज के बारे में कुछ बताना चाहता है। गैरी को अहसास हो जाता है कि यशराज किसी का सगा नहीं है। साहिबा ने उसे पहले ही समझाया था कि जसलीन ने उसे बिना किसी शर्त के प्यार किया जबकि यशराज फायदा उठा रहा है।



# राजकुमार का बुलावा आते ही 'डंकी' में भूमिका निभाने पहुंच गए थे रोहिताश्व

**मुंबई।** रोहिताश्व गौड़ एंडटीवी के लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अपने मशहूर किरदार मनमोहन तिवारी के चलते सबके चहेते बन चुके हैं। उन्होंने टेलीविजन और बॉलीवुड में अपना एक अलग मुकाम बनाया है। उनकी बेजोड़ कॉमिक टाइमिंग ने मनोरंजन उद्योग के एक प्रतिभाशाली कलाकार के तौर पर उन्हें मजबूती से स्थापित किया है। गौड़ ने हाल ही में राजकुमार हीरानी की फिल्म डंकी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसमें वे एक धोखेबाज वीजा एजेंट के किरदार में नजर आये। एक बेबाक बातचीत में उन्होंने विस्तार से बताया है कि उन्हें यह भूमिका कैसे मिली। शाहरुख खान की फिल्म से जुड़ने के बारे में रोहिताश्व गौड़ ने बताया, ''यकीन करना मुश्किल है, लेकिन यह मेरे लिये सबसे महत्वपूर्ण मौकों में से एक बन गया, और इसके लिए मुझे बहुत कम इंतजार करना पड़ा। दिलचस्प बात यह है, कि यह सब एक ही दिन में हो गया। मैं नायगांव में अपने शो 'भाबीजी घर पर हैं' की शूटिंग कर रहा हूँ। लगातार सफर करने से बचने के लिये मैं आमतौर पर सेट के पास के एक अपार्टमेंट में ठहरता हूँ और सिर्फ छुट्टी के दिनों में अपने घर गोरेगांव जाता हूँ। हमें अगले दिन शूटिंग करनी थी, लेकिन मुझे सुबह ही खबर मिली कि सेट पर एक हफ्ते की छुट्टी है। मैंने सोचा कि इस वक्त का इस्तेमाल घर जाकर अपने परिवार के साथ बिताने के लिये करना चाहिये। रास्ते में मुझे राजकुमार हीरानी जी का कॉल आया और उन्होंने पूछा कि मैं क्या कर रहा हूँ। मैंने उन्हें बताया कि मैं घर जा रहा हूँ और उन्होंने ज्यादा कुछ कहे बिना मुझे सीधे गोरेगांव की फिल्मसिटी में बुलाया। वहाँ जाने पर मैं एक बड़ा सेट देखकर चौंक गया, जहाँ हजारों लोग थे। फिर मिस्टर हीरानी ने बताया कि वे पंजाब के एक जाने-माने थियेटर आर्टिस्ट के साथ एक दृश्य की शूटिंग करने वाले थे, लेकिन किसी कारण से वह अपना किरदार निभाने नहीं आ पाया। वह फिल्म की शूटिंग का पहला दिन था और मिस्टर हीरानी प्रोडक्शन को रोकना नहीं चाहते थे।




# दूसरे पार्ट की कहानी को लेकर डायरेक्टर ने दिया हिंट

*__मुंबई।__ क्रिसमस के मौके पर रिलीज हुई 'सालारः पार्ट 1-सीजफायर' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही है। फिल्म वर्ल्डवाइड 600 करोड़ के क्लब में शामिल होने के करीब है। 'सालार' को प्रशांत नील ने डायरेक्ट किया जिन्होंने इससे पहले 'केजीएफ' और 'केजीएफ चैप्टर 2' बनाई। प्रभास और प्रशांत नील के साथ आने से 'सालार' को लेकर उम्मीदें और बढ़ गई थीं। फिल्म देखने वाले दर्शक अब इसके दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। डायरेक्टर ने 'सालार 2' की कहानी को लेकर भी यह राज खोला है कि यह पिछली फिल्म से और बड़ा, और बेहतर होगा। प्रशांत ने कहा कि जो भी फीडबैक मिला है उसे देखने के बाद वह दूसरे पार्ट में कोई बदलाव करने के मूड में नहीं हैं। फिल्म की कहानी तैयार है। पिंकविला को दिए इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि क्या 'सालार पार्ट 2' की कहानी में कुछ बदलने वाले हैं तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं कहानी नहीं बदलूंगा। मुझे जो फीडबैक मिला है उसकी वजह से मैं इसमें थोड़ा भी बदलाव नहीं करने जा रहा हूं। मेरा मतलब है कि कहानी पहले से तैयार है। मुझे कहानी को फॉलो करना होगा। एक डायरेक्टर के रूप में मेरा काम उस कहानी को बताना है जो हमने लिखी है। यह एक ऐसी कहानी है जो हम सभी को पसंद आई। हम उसी कहानी के साथ आगे बढ़ने जा रहे हैं।'*

# रातों रात चर्चा में आए ये एक्टर्स, परफॉर्मेंस से चुरा ली सारी लाइमलाइट

*__मुंबई।__ साल 2023 कई कलाकारों के लिए शानदार रहा। एक फिल्म या वेब सीरीज से उन्हें पॉपुलैरिटी मिली। कोई नेशनल क्रश कहलाई तो कोई इंटरनेट सेंसेशन बन गया। अपनी परफॉर्मेंस से इन कलाकारों ने क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों की वाहवाही लूटी। इनमें कई तो ऐसे हैं जो सालों से काम करते आ रहे हैं लेकिन अब जाकर उनके एक रोल ने उन्हें लोकप्रिय कर दिया। चलिए बताते हैं जबरदस्त परफॉर्मेंस देने वाले ऐसे ही एक्टर्स के बारे में।*











**करिश्मा तन्ना :** 'स्कूप' के लिए करिश्मा तन्ना हर जगह अवॉर्ड बटोर रही हैं। टीवी सीरियल के बाद करिश्मा का ओटीटी डेब्यू शानदार रहा। उनका कहना है कि इंडस्ट्री में इतने सालों की मेहनत अब रंग लाई

**अविनाश तिवारी :** वेब सीरीज 'बंबई मेरी जान' से अविनाश तिवारी को पहचान मिली। उन्होंने अंडरवर्ल्ड डॉन का किरदार निभाया। इसके अलावा उनकी एक और सीरीज काला आई थी।

**अपारशक्ति खुराना :** विक्रमादित्य मोटवाने की वेब सीरीज 'जुबली' में अपारशक्ति खुराना ने लीड रोल किया। उन्होंने अपनी एक्टिंग से किरदार में जान डाल दिया।

**वामिका गब्बी :** 2023 वामिका गब्बी के लिए यादगार रहा। उन्हें दर्शकों ने 'जुबली', 'मॉर्डल लव चेन्नई', 'चार्ली चोपड़ा' और 'खुफिया' में देखा। हर फिल्म और सीरीज में उनकी एक्टिंग पसंद की गई।

**तृप्ति डिमरी :** फिल्म 'एनिमल' से तृप्ति डिमरी इंटरनेट सेंसेशन बन गईं और वह नेशनल क्रश बन गईं। फिल्म में तृप्ति का छोटा सा ही राल था लेकिन हर किसी ने उन्हें नोटिस किया।

**विक्रांत मैसी :** '12वीं फेल' में विक्रांत मैसी ने लीड रोल किया। छोटे बजट की इस फिल्म ने अपने कलेक्शन से सभी को हैरान कर दिया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 53.68 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया।

**अदा शर्मा :** 'द केरल स्टोरी' से अदा शर्मा रातों रात स्टार बन गईं। फिल्म के विषय को लेकर विवाद भी हुआ।

31-Dec Coriya Bhoomi pg 4_Layout 1 12/31/2023 8:54 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### महामाया मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ आज

**अम्बिकापुर।** नारायण मानस मंडली द्वारा हर साल नव वर्ष पर अखण्ड रामायण का पाठ किया जाता है। साल के अंतिम दिन पाठ प्रारंभ होता है तथा नए साल में पाठ का समापन कर खुशहाली के लिए हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। मंडली पिछले 25 वर्षों से अनरवत अखण्ड रामायण का पाठ कर रही है। मंडली के बालकेश्वर गुप्ता ने बताया कि महामाया मंदिर में अखण्ड रामायण रसुबह 10 बजे प्रारंभ किया जाएगा। पाठ की पूर्णाहुति 1 जनवरी को सुबह 10 बजे होगा तथा हवन पूजन के बाद दोपहर 1 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### सूरजपुर जिले में कोरोना ने दी दस्तक, शिक्षक की रिपोर्ट पॉजिटिव

**अंबिकापुर।** सरगुजा संभाग में भी कोरोना संक्रमण ने दस्तक दे दी है। सूरजपुर जिले के प्रतापपुर में एक शिक्षक की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। शिक्षक का एंटीजन सैंपल पॉजिटिव आया है जिसके बाद चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। बता दें कि साल के अंत में एक बार फिर से देश के साथ ही प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़े है। कोरोना वायरस के जेएन 1 वेरिएंट के मामले देशभर में बढ़ रहे है जिसे लेकर सरकार चिंता में है। शासन के निर्देश पर जिलों में कोरोना की टेस्टिंग के बार फिर से बढ़ा दी है और सर्दी, जुखाम व बुखार जैसे लक्षण वाले मरीजों की एंटीजन व आरटीपीसीआर से जांच की आज रही है। इस बीच सूरजपुर जिले के प्रतापपुर में एक शिक्षक की रिपोर्ट कोरोना संक्रमित आई है। शिक्षक की एंटीजन किट से जांच की गई थी जिसके बाद उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव है। इस बात की पुष्टि जिले के सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह ने की है। वहीं बताया जा रहा है कि संक्रमित शिक्षक का कोई भी ट्रैवल रिकॉर्ड नहीं है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीज का उपचार किया जा रहा है और उनके स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से कोविड नियमों का पालन करने का आह्वान किया गया है।

### प्रतापपुर-चंदौरा मार्ग के लिए टेंडर प्रक्रिया हुई पूर्ण, फरवरी में कार्य होगा प्रारंभ

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर-चन्दौरा मार्ग के लिए 1028.91 लाख का टेंडर प्रक्रिया 29 दिसंबर को पूर्ण होने के उपरांत माह फरवरी में कार्य प्रारंभ होगा। अवधेश पांडेय ने बताया कि प्रतापपुर से चंदौरा मार्ग का बहु प्रतिक्षित पुनर्निर्माण कार्य जो कई वर्षों से पूरा नहीं हो पा रहा था। इस मार्ग पर बारिश के दिनों में यात्री बस चलना बंद हो जाते थे। क्षेत्र वासी सड़क की मांग को लेकर कई बार चक्का जाम एवं आंदोलन भी किया। इसके बावजूद किसी प्रकार की सार्थक पहल नहीं की गई थी। भाजपा विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने इस कार्य को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत करने का वादा किया था प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही अपनी पहली प्राथमिकता दिखाते हुए रायपुर में कार्य कराया। 29 दिसंबर को 1028.91 लाख रुपए का टेंडर जारी कर दिया गया जिसकी प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। 16 जनवरी को टेंडर खुलेगा और टेंडर प्रक्रिया उपरांत शीघ्र ही प्रतापपुर से चंदौरा मार्ग का कार्य प्रारंभ होगा।

### आजाक मंत्री से मिला रविदास समाज का प्रतिनिधि मंडल

**बलरामपुर।** रविदास समाज जन कल्याण समिति एवं आजाक संघ के पदाधिकारियों ने ग्राम सनावल पहुंच कर आजाक मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर उनका स्वागत किया गया। अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति समाज के विकास के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ करने का आग्रह किया। इस दौरान रविदास समाज के संभागीय जिला संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शो रूम का कर्मचारी हुआ लूट का शिकार

**कोरबा।** बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने शुक्रवार की रात एक युवक से लूटपाट और मारपीट की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित युवक सड़क किनारे टॉयलेट करने रुका हुआ था। इस दौरान यह घटना घटी। सीएसईबी चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। मामला सिविल लाइन पुलिस थाना के सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर का है। लूट का शिकार हुए व्यक्ति का नाम मनीष सोनी है।

## 363 दिनों के भीतर 488 लोगों की गई जान

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मरच्यूरी में जनवरी से अब तक 828 मृतकों का पीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- अधिकांश लोगों की सड़क दुर्घटना में हुई मौत




मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर स्थित पुलिस सहायता केंद्र में जनवरी से लेकर अब तक जहां विभिन्न घटनाओं में कुल 488 मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है जबकि अस्पताल परिसर स्थित मरच्यूरी कक्ष में अब तक 828 शवों का पीएम किया गया है जो पिछले साल की अपेक्षा काफी अधिक है। इसके अलावा कोतवाली, गांधीनगर थाना व मणिपुर पुलिस द्वारा भी 340 से अधिक मामलों में मर्ग कायम किया है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस ने जितने भी मर्ग कायम की है जिसमें सर्वाधिक सड़क दुर्घटना की है जो सरगुजा संभाग के अलावा शहर के आसपास हुई थी। जबकि घायलों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा शहर के निजी अस्पताल में मौत हुई है। पुलिस द्वारा कायम मर्ग में हत्या, सड़क दुर्घटना, कुआं में डूबने जैसे मामले शामिल है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिले के अलावा आसपास के अन्य जिलों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में गंभीर हुए मरीज दाखिल होते है। कुछ गंभीर मरीजों की हालत काफी गंभीर होने पर मरीज का प्राथमिक उपचार के पश्चात रायपुर-बिलासपुर रेफर कर दिया जाता है जबकि अधिकांश गंभीर मरीज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही दम तोड़ देते है। इसके अलावा शहर के विभिन्न मार्गो पर कई ऐसी दुर्घटनाएं होती है जहां जहां घायल की घटनास्थल पर मौत हो जाती है। जनवरी से लेकर अब तक शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों कई सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें कुछ लोगों की मौके पर तो अधिकांश घायलों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सड़क दुर्घटना के अलावा सर्पदंश, आग से झुलसे,करंट लगने, कीटनाशक पीने, फांसी लगाने सहित अन्य संदिग्ध मामलों में गंभीर हुए 488 लोगों ने अपनी जान गवाई है। इसके अलावा कोतवाली, गांधीनगर व मणिपुर थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना, फांसी, हत्या सहित संदिग्ध मौत के लगभग 340 मामलों में मर्ग कायम किया है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित कोतवाली, गांधीनगर व मणिपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में विभिन्न घटनाओं में हुई मौत के मामले में अस्पताल परिसर स्थित मरच्यूरी कक्ष में जनवरी से लेकर अब तक 363 दिनों में 828 शवों का पोस्टमार्टम किया गया है। जो पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है। पिछले वर्ष केवल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विभिन्न घटनाओं में घायल हुए 478 लोगों की मौत हुई थी जिससे मरच्यूरी में अस्पताल सहित कोतवाली, गांधीनगर व मणिपुर पुलिस द्वारा कुल 651 शवों का पीएम किया गया था। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि साल 2022 की अपेक्षा इस वर्ष मौत के आकड़ा में काफी वृद्धि हुई है।

### इन मार्ग पर हुई दुर्घटना

शहर के प्रायः सभी मार्ग में सड़क हादसे होते है किन्तु इस वर्ष शहर के रिंग रोड के अलावा बिलासपुर, राजपुर, सीतापुर, मनेन्द्रगढ़, प्रतापपुर, बनारस रोड में जनवरी से लेकर अब तक कई सड़क दुर्घटना हो चुकी है जिसमे कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कई ने अस्पताल में दम तोड़ा। इधर सड़क दुर्घटना में घायल कई लोगों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल व निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस वर्ष सबसे अधिक सड़क दुर्घटना राजपुर, लखनपुर व बतौली मार्ग पर हुई जहां कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई गई थी।

### नहीं मिलती जानकारी

पुलिस कर्मियों ने बताया कि अस्पताल में जहर खाने, सर्पदंश व जलने सहित सड़क दुर्घटना में गंभीर हुए मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। अस्पताल से रेफर होने के बाद कुछ मरीजों को बेहतर उपचार के लिए बाहर ले जाते है जबकि कुछ परिजन गरीबी तथा पैसों के अभाव में इलाज कराने के बजाय घर ले जाते है। ऐसे में मरीज की मौत हो जाने पर पुलिस को जानकारी नहीं मिलती जबकि उनका अंतिम संस्कार तक कर दिया जाता है।

# नए साल के जश्न में पुलिस का रहेगा कड़ा पहरा, हुड़दंग मचाने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- चौक चौराहों के साथ ही होटलों के बाहर तैनात रहेंगे जवान, रात 10 बजे तक डीजे की अनुमति

नए साल के स्वागत के जश्न में इस बार पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। 31 दिसंबर की रात शहर में चौक चौराहों के साथ ही होटलों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे व देर रात तक शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जिले में डीजे संचालन का समय निर्धारित डेसिबल के साथ रात 10 बजे तक ही निर्धारित किया गया है। बता दें कि वर्ष 2023 की विदाई के साथ ही नए साल के स्वागत को लेकर जिलेभर में तैयारियां चल रही है। जगह जगह न्यू ईयर पार्टी की तैयारियां की गई है जहां 31 दिसम्बर की रात लोग डीजे की धुन पर थिरकने के साथ ही उत्साह के साथ नए वर्ष का स्वागत करेंगे। नए साल के जश्न के दौरान जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। रविवार की शाम से ही शहर के चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा रहेगा। इस दौरान लगभग 450 जवानों की ड्यूटी लगाई गई है जो शहर व जिलेभर में चौक चौराहों के साथ ही न्यू ईयर पार्टी स्थल पर तैनात किए जाएंगे। सभी होटलों के बाहर बल लगाए जा रहे है ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे व मारपीट-छेड़छाड़ जैसी घटनाएं ना हो। इसके साथ ही शहर व जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की जाएगी और यदि कोई शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा जाता है तो उसपर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। नए साल के जश्न में आम तौर पर देर रात तक कानफोड़ू डीजे बजाने का काम किया जाता है लेकिन इस बार कोलाहल अधिनियम का पालन कराते हुए निर्धारित डेसिबल में रात 10 बजे तक ही डीजे बजाने की अनुमति होगी और इसके बाद यदि कहीं डीजे का शोर सुनाई देता है तो आयोजकों के साथ ही डीजे संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। नए साल के जश्न के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना ने हो इसे लेकर सभी पर्यटन व पिकनिक स्थलों पर पुलिस व गोताखोरों की ड्यूटी लगाई गई है।

### जश्न के दौरान रखे नियमों का ध्यान

नए साल के जश्न को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। रात 10 बजे तक ही डीजे बजाने की अनुमति होगी। चौक चौराहों के साथ ही होटलों के बाहर पुलिस बल तैनात किए गए है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों व हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोग नियमों का पालन करते हुए खुशियां मनाए।

-सुनील शर्मा
एसपी

# सैकड़ों क्विंटल धान बेचने के बाद किलो के हिसाब से मिली बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- किसानों ने समिति प्रबंधक से की शिकायत




विकासखंड के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दवनकारा में सैकड़ों किसानों के खाते में आए बोनस राशि को कम बताते हुए आज 50 से अधिक किसानों ने समिति प्रबंधक से शिकायत की। किसानों ने अपने द्वारा बेचे गए धान की तुलना में बहुत ही कम बोनस राशि प्राप्त होने की शिकायत दर्ज की। वहीं कई किसान ऐसे भी थे जिन्होंने धान बेचने के बाद भी बोनस न मिलने की बात कही। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही 25 दिसंबर को किसानों का बकाया 2 वर्ष का बोनस भुगतान करने की घोषणा की गई थी लेकिन कई किसानों को इसका लाभ नहीं मिल सका। जिसकी शिकायत लेकर आज बड़ी संख्या में किसान दवनकरा समिति प्रबंधक के पास पहुंचे थे। किसानों ने बताया कि वर्ष 2014-15 तथा 2015-16 में बेचे गए धान का बोनस जो उन्हें प्राप्त नहीं हुआ था वह 25 दिसम्बर को उनके खाते में आना शुरू हुआ। किसानों के अनुसार उनके द्वारा सैकड़ों क्विंटल धान बेचे गए हैं मगर केवल 40 किलो के हिसाब से ही उनके खाते में पैसे प्राप्त हुए हैं जो बहुत ही कम है। इसके अलावा कई गांव के किसान ऐसे भी थे जो वर्ष 2014-15 तथा 2015-16 में समिति में अपना धान बेचा था लेकिन शासन द्वारा जारी किए गए बोनस सूची में उनका नाम ही नहीं है। किसानों ने इस मामले में पूर्व समिति प्रबंधक द्वारा हेरफेर करने का भी आरोप लगाया। इधर किसानों के साथ उनकी समस्याओं को लेकर प्रतापपुर मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी एवं जरही मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता भी पहुंचे थे। उन्होंने इस संबंध में समिति प्रबंधक से चर्चा की। जिसपर समिति प्रबंधक द्वारा पूरे मामले को समझकर कार्रवाइ किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान नंदा यादव, अजित गुप्ता, प्रेमचंद कुशवाहा, राजेंद्र नापित,कमल राजवाड़े, रामप्रसाद सोनपाकर, रामप्रसाद, कमला प्रसाद, मंगलसाय, खिलेश्वर, रामदेव, बबन, राजेन्द्र नापित, घूरन राम, शिवप्रसाद सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

### की जाएगी कार्रवाई

किसानों की शिकायत पर जांच कराई जाएगी। जो किसान वंचित है उन्हें बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। जांच में जो दोषी होगा उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-संजय अग्रवाल
कलेक्टर सूरजपुर

## बाड़ी से बकरी भगाने पर पड़ोसी ने की महिला से मारपीट

**अम्बिकापुर।** बकरी को बाड़ी से भगाने की बात को लेकर पड़ोसी ने महिला की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर थाना अंतर्गत ग्राम भुईहारी टिकरा निवासी श्रीमती बुंद कुंवर पति स्व. मुन्ना राम दोपहर को गांव के ही कोदी के साथ छबाई कर रही थी। इसी दौरान पड़ोसी की बकरी बाड़ी में घुस कर फसल को चरने लगी। जिसे देख महिला ने बकरी को भगाने लगी जिसे देख पड़ोसी हिरोदिया गाली-गलौज करने लगी। कुछ समय बाद महिला पार्षद के बोर में कपड़ा धोनी गई तो पड़ोसी हिरोदिया परिवार के चुलू बरगाह, बंधू बरगार के साथ मौके पर पहुंची और गाली-गलौज करते हुए जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# स्वागत द्वार पर लगाया फ्लैक्सी बोर्ड, भटक रहे यात्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला मुख्यालय में अस्पताल चौक के पास नपा परिषद द्वारा प्रवेश द्वार बनाया गया है जिसमें दूर के शहरों का नाम एवं दूरी अंकित है साथ ही निशान लगाकर संबंधित मार्ग को बनाया गया है ताकि बाहर से आने वाले जाने वाले यात्रियों को सहूलियत हो। प्रवेश द्वार एवं बोर्ड पर फ्लेक्सी बोर्ड लगा देने के कारण अंकित जानकारी ढक गए हैं, जिसके कारण यात्रियों को समस्या हो रही है तथा यात्री मार्ग भटक जा रहे हैं। शासकीय द्वार एवं बोर्ड पर फ्लेक्सी बोर्ड लगाना पूर्णतः वर्जित है लेकिन शासन के निर्देशों का पालन नहीं होने क कारण यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारी भी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुमित गुप्ता ने बताया कि अधिकृत स्थान के अलावा दूसरी जगह पर फ्लेक्सी बोर्ड लगाने की अनुमति नहीं है। फ्लेक्सी बोर्ड लगाने वाले लोगों को समझाईश दी जाएगी तथा निर्देशों का पालन नहीं करने पर दोबारा चलानी कार्रवाई की जाएगी।



# लाइन मैन अविनाश को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विद्युत विभाग में अपनी 36 वर्षों की सेवा देकर सेवानिवृत्त हुए लाइनमेन अविनाश झा को विदाई दी गई। जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग बिश्रामपुर में कार्यरत लाइन मेन अविनाश झा अपनी 36 वर्षों की सेवा देकर सेवानिवृत्त हो गए हैं। लाइन मेन अविनाश झा की सेवानिवृत्ति पर विभाग के सहकर्मियों व अधिकारियों द्वारा एक समारोह में शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जूनियर इंजीनियर शाजिद शेख, लिपिक विजय एक्का, भागवत त्रिपाठी, भैयालाल यादव व समस्त स्टाप मौजूद थे। कार्यक्रम में जूनियर इंजीनियर शाजिद शेख ने कहा कि लाइन मेन अविनाश झा की सेवाभाव व कर्तव्य निष्ठा से हमें बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए विभाग को अपनी सेवाएं दी हैं। विभाग उनके दीर्घ आयु व स्वस्थ जीवन की कामना करता है।


# पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा : देवधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा का संचालन आमजन को शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सभी क्षेत्र में विकास कार्य कर रहे हैं। उक्त बातें भाजपा मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया ने शनिवार को ग्राम पंचायत जयनगर प्रांगण में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में व्यक्त करते हुए कही। शिविर में अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, जनपद सदस्य फूलबसिया राजवाड़े, मो. इसराईल, रविंद्र भारती, शांतनु सिंह चौहान, कृष्णा गुप्ता, देवेन्द्र सोनवानी, बंटेश्वर, कृष्णपाल बिंझिया, सरपंच विजय सिंह, भारत, सियंबर सिंह, चंद्रावती, जनपद सीईओ विनोद सिंह, पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी, मानी नायब तहसीलदार हिना टंडन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविंद्र भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरे विश्व में अपना सम्मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पुनः विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। शिविर में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान पंचायत निरीक्षक उपेंद्र तिवारी, उप सरपंच अफरोज, मकसूद, सूरजपुर बीईओ, पंचायत सचिव सियाराम राजवाड़े, रोजगार सहायक किरनचंद्र, प्राचार्य कलिस्ता अक्खड़, वीरेंद्र जायसवाल, संजय मिश्रा, हर्षनारायण शर्मा, एकरी देवी, अशोक बिंझिया, विनोद बिंझिया सहित अन्य उपस्थित थे। शिविर में मंच संचालन सीमांचल त्रिपाठी ने किया।

# ठग का कोरबा कनेक्शन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आरोपी।

बिलासपुर जिला के थाना चकरभाठा पुलिस द्वारा 13 लोगों से नौकरी लगाने का झांसा देकर 54 लाख 70 हजार की ठगी करने वाले कोरबा के फरार आरोपी डा.चन्द्रप्रकाश प्रधान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी चन्द्र प्रकाश प्रधान व अन्य के द्वारा सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर युवकों को शिकार बनाया गया। वह अपराध दर्ज होने के बाद से एक साल से लगातार फरार था। आरोपी डॉ चन्द्र प्रकाश प्रधान 41 वर्ष बरबसपुर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कोरबा का रहने वाला है। आरोपी चन्द्र प्रकाश प्रधान, ललित केशरवानी , अभिरुप मंडल, श्रीमति रजनी केशरवानी के द्वारा प्राथी रुद्र कुमार कौशिक एवं अन्य 12 लोगों से नौकरी लगाने का झांसा देकर 54 लाख 70 हजार लेकर धोखाधड़ी किया गया है। इसकी रिपोर्ट थाना चकरभाठा में अगस्त माह में दर्ज किया गया था। उनके खिलाफ धारा 420,467,468,34 के तहत अपराध दर्ज किया गया। मुखबिर से सूचना मिला कि आरोपी डा चंद्र प्रकाश प्रधान चकरभाठा मार्केट में आया हुआ है। इस सूचना पर तत्काल मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड के न्यायालय में पेश किया गया ।

## हरिभूमि

**पाठकों के लिए माह दिसम्बर 2023 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह दिसम्बर 2023 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जनवरी 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी, 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैकुण्ठपुर
मो. 9425255110, 9425269110

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग )
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
राशि : स्लीपर 12, 500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7247-411411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।